तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 30 अगस्त 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 पीपीई किट पहनकर कर्मियों ने निकाली रैली






# कमरे में घुसे सांप को मार डाला, सुबह पति-पत्नी दोनों मृत मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ दूसरे सांप के द्वारा काटे जाने की आशंका







ग्राम बसकर से सर्पदंश के मामले में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। जहां सर्पदंश से पति-पत्नी की मौत हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि पति-पत्नी ने गुरुवार की रात घर में सांप को देखकर उसे मार कर कमरे के एक कोने में रख दिया था। जिसके बाद सुबह दंपती की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि सोने के दौरान उन्हें किसी दूसरे सांप ने डस लिया जिससे उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार भैयाथान थाना अंतर्गत ग्राम बसकर निवासी तुलेश्वर गोंड (40 वर्ष) गुरुवार की शाम खेत में घुसे आवारा मवेशियों को भगाने पत्नी नीता (38 वर्ष) के साथ गया था। मवेशियों को खदेड़ने के बाद रात में दोनों घर लौटे तो घर में जहरीले सांप को देखा। सांप को देखते ही दोनों ने उसे डंडे से मार दिया और कमरे के एक कोने में रख दिया। जिसके बाद भोजन कर दोनों जमीन पर सो गए। जबकि उनके 4 बच्चे अलग कमरे में सो रहे थे। शुक्रवार की सुबह माता-पिता को बेसुध हालत में देख बच्चों ने पड़ोस की महिला को बुलाया। वह मौके पर पहुंची और तुलेश्वर तथा नीता को उठाया। तुलेश्वर से महिला ने पूछा तो उसने बताया कि रात में घर में सांप घुस गया था, उसे मारकर कोने में रखने की बात कहते हुए भाई को बुलाने कहा।

इधर नीता ने भी अपने भाई को फोन कर बुलाने की बात कही। जिसके बाद दोनों फिर से बेसुध हो गए। घटना की जानकारी लगते ही परिजन दोनों को भैयाथान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत पत्नी को मृत घोषित कर दिया। जबकि पति की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। डॉक्टर का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। इधर परिजन आशंका जता रहे हैं कि घर में रहे एक अन्य सांप ने सोने के दौरान दोनों को काटा होगा।

## खबर संक्षेप

### मंत्री ने ली ननि व एनएच के अधिकारियों की बैठक



**अंबिकापुर।** पदभार ग्रहण करने के बाद सरगुजा पहुंचे प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को अपने निवास पर ननि आयुक्त के साथ ही ननि के कार्य पालन अभियंता, एनएच के ईई के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने शहर के सड़कों की स्थिति, विद्युत व्यस्था के संबंध में समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर में सड़कों के मरम्मत और डामरीकरण का कार्य वर्षाकाल के तत्काल बाद प्रारंभ कराया जाए। इसके साथ ही दाम्रिअक्रण के कार्य में विशेष निगरानी बरती जाए व गुणवत्ता पूर्ण सड़क का निर्माण किया जाए। इस दौरान ननि आयुक्त ने कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल को बताया कि ननि क्षेत्र में 7 करोड़ के डामरीकरण कार्य और सीसी रोड, नाली एवं अन्य विविध कार्य 13 करोड़ की निविदा पूर्ण हो चुकी है एवं अग्रिम कार्यवाही तेजी से की जा रही है। वर्षा काल समाप्त होने के बाद तत्काल निर्माण कार्य शुरू किए जाएंगे। वहीं बैठक के दौरान अतिवर्षा के कारण क्षतिग्रस्त हुए सड़कों एवं विद्युतीकरण के आवश्यक कार्यो के प्रस्ताव तैयार करने हेतु ननि आयुक्त को निर्देश दिया गया इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियन्ता को क्षतिग्रस्त सड़कों के आवश्यक सुधार कार्य हेतु निर्देश प्रदान किया गया।

### जिला स्तरीय प्रतियोगिता आज

**अम्बिकापुर।** पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा की महत्ता विषय पर जिला स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन 30 अगस्त को राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर के ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। प्रतियोगिता के संचालन एवं मूल्यांकन के लिए जिला स्तरीय निर्णायक समिति का गठन किया गया है। समिति में प्रतिष्ठित नागरिक करता राम गुप्ता, जिला कमाण्डेंट (होम गार्ड) सरगुजा एस. कठौतिया, सहायक पुलिस अधीक्षक सुनिल तिवारी, चिराग वेलफेयर सोसायटी सरगुजा के मंगल पाण्डेय, यातायात प्रभारी अभय तिवारी, प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल बड़ा दमाली की श्रीमती मंजू कुजुर एवं व्याख्याता हायर सेकेंडरी स्कूल परसा की श्रीमती अनिता विश्वकर्मा शामिल हैं। इस स्पर्धा का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी देना, उनमें जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा आमजन के बीच सड़क सुरक्षा है जीवन रक्षा का संदेश व्यापक स्तर पर पहुंचाना है।

## उच्च शिक्षा विभाग ने की प्रवेश तिथि में वृद्धि

# यूजी एवं पीजी संकायों में 5 सितम्बर तक होगा प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

■ कॉलेजों में आधी से अधिक सीटें रह गई थी खाली

कॉलेजों में स्नातक एवं स्नातकोत्तर संकायों में प्रवेश से वंचित छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा विभाग ने बड़ी राहत दी है। विभाग ने कॉलेजों में प्रवेश की तिथि बढ़ा दी है। प्रवेश लेने से वंचित विद्यार्थी अब 29 अगस्त से 5 सितम्बर तक कॉलेजों में अपना एडमिशन करा सकेंगे।

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई थी तथा कॉलेज प्रबंधन को प्राचार्य स्तर पर 31 जुलाई तक एवं कुलपति की अनुमति से 14 अगस्त तक प्रवेश लेने की अनुमति प्रदान की थी। प्रवेश के लिए संत गहिरा गुरू विवि द्वारा संबद्ध महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की सुविधा प्रदान की गई थी। राजीव गांधी स्वशासी पीजी कॉलेज ने भी अपने पोर्टल पर प्रवेश पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की थी। निर्धारित तिथि तक एसजीजीयू के पोर्टल पर 46795 छात्राओं ने पंजीयन कराया लेकिन आधे से भी कम विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया। इस दौरान कॉलेज प्रबंधन द्वारा 3-4 मेरिट सूची निकाली गई लेकिन विद्यार्थियों ने ने एडमिशन लेने में रूचि नहीं ली। निर्धारित समय पर स्कूलों से टीसी नहीं मिलने के कारण भी बड़ी संख्या में विद्यार्थी प्रवेश लेने से वंचित रह गए। प्रवेश की तिथि समाप्त होने के बाद कुछ विद्यार्थी टीसी लेकर पहुंचे जिन्हें बैरंग लौटना पड़ा। राजीव गांधी पीजी कॉलेज में भी कुछ इसी तरह की स्थिति रही। पीजी कॉलेज में यूजी कला, वाणिज्य, विज्ञान बायो एवं लॉ संकाय की सीटें लगभग भर गई हैं जबकि यूजी गणित, पीजीडीसीए, मानव शरीर विज्ञान, बी लिब, एमएसडब्ल्यू, डीसीए एवं स्नातकोत्तर संकायों की अधिकांश सीटें खाली रही हैं प्रवेश की तिथि बढ़ने के बाद एसजीजीयू एवं पीजी कॉलेज प्रबंधन प्रवेश के लिए अब तक पंजीयन नहीं कराने वाले छात्र-छात्राओं के लिए पुनः पोर्टल खोलने की तैयारी कर रहा है। पूर्व में पंजीयन कराने वाले छात्र-छात्राएं कॉलेजों में उपलब्ध सीट के अनुसार 5 सितम्बर तक अपना एडमिशन करा सकेंगे। इस संबंध में एसजीजीयू के कुलसचिव डॉ.एसपी त्रिपाठी ने बताया कि प्रवेश पंजीयन के लिए पुनः पोर्टल खोला जाएगा।




### कॉलेजों में 19360 सीट खाली

इस बार संभाग के अधिकांश महाविद्यालयों स्नातक संकाय की सीटें खाली रह गई हैं। एसजीजीयू से संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातक संकायों में 35405 सीटें स्वीकृत हैं लेकिन 14 अगस्त तक मात्र 16045 विद्यार्थियों ने एडमिशन कराया है तथा 19360 सीटें खाली बची हैं। संभाग मुख्यालय के शासकीय एवं अशासकीय कॉलेजों में भी यूजी एवं पीजी की सीटे रिक्त हैं। आधी से अधिक सीटें खाली होने के कारण प्रवेश में छात्र-छात्राओं को समस्या नहीं होगी तथा पहले पहुंचने वाले छात्र-छात्राओं का एडमिशन आसानी से हो सकेगा।

### अधिक फीस बन रही बाधा

राजीव गांधी पीजी कॉलेज प्रबंधन स्वयं की वित्तीय व्यवस्था से बी लिब, एमएसडब्ल्यू, स्नातकोत्तर मनोविज्ञान पाठ्यक्रम का संचालन कर रहा है। इन पाठ्यक्रमों का शिक्षण शुल्क 9 हजार से 12 हजार रूपए सालाना निर्धारित किया गया है। अधिक शुल्क होने के कारण इन संकायों की 90 फीसदी से अधिक सीटें खाली रह जा रही है जबकि कॉलेज अतिथि व्याख्याताओं के वेतन पर कई गुना अधिक राशि खर्च कर रहा है। हालत यह है कि बी लिब में 2, मनोविज्ञान में 3, डीसीए में 15, पीजीडीसीए में 26, एमएसडब्ल्यू में मात्र 9 एडमिशन हुए हैं। पिछले साल भी इन संकायों में बेहद कम प्रवेश हुए थे।

# नीलामी में ली दुकान लेकिन ना प्रीमियम पटाया ना ही किया किराए का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

■ नगरीय प्रशासन ने 21 दुकानों को किया सील, मचा हड़कंप



नीलामी के बाद कानों की प्रीमियम राशि और किराया भुगतान नहीं किए जाने को लेकर अब नगरीय प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। इन दुकानों के संचालकों पर 38 लाख 10 हजार रुपए बकाया था। ऐसे में शुक्रवार को मुख्य नगर पंचायत अधिकारी के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन की टीम ने कुल 21 दुकानों को सील कर दिया है। दुकानों को सील करने की कार्रवाई से नगर में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि नगरीय प्रशासन द्वारा वर्ष 2016 में बस स्टैंड में 15 दुकानों, वर्ष 2021 में महुआ पारा में 15 एवं वर्ष 2025 में डेली सब्जी मार्केट में 12 दुकानों को खुली बोली के माध्यम से नीलामी की गई थी। दुकान नीलामी के दौरान खुली बोली में बस स्टैंड स्थित दुकानों के लिए राजपुर के दुकानदारों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। नीलामी के दौरान बस स्टैंड की कई दुकानें 12 से 15 लाख रुपए की बोली लगाई गई थी जिसके बाद आबंटित दुकानदारों को दुकानों की प्रीमियम की राशि किश्तों के रूप में जमा अनुबंध की प्रक्रिया पूरा करना था। नीलामी के दौरान लोगों ने बड़ी बड़ी बोली तो लगा ली लेकिन बाद में दुकानदारों ने ना ही समय पर प्रीमियम की राशि जमा की और ना ही किराया का भुगतान किया गया। ऐसे में दुकान संचालकों पर बकाया बढ़कर 38 लाख 10 हजार रुपए तक पहुंच गया था। इस मामले में मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविन्द्र लाल ने बताया कि बस स्टैंड डेली सब्जी मार्केट सहित महुआपारा में नगर पंचायत द्वारा निर्मित 42 दुकानों का नीलामी की गई थी। नीलामी के वक्त दुकानदारों ने कुछ पैसा जमा किया गया था इसके बाद दुकानदारों ने ना तो प्रीमियम की राशि जमा की और ना ही दुकान के किराए की राशि जमा की जिसके कारण दुकानदारों को पूर्व में नगर पंचायत द्वारा दो माह के दौरान तीन बार नोटिस दिया जा चुका था। नोटिस देने के बाद भी उन्होंने ना तो प्रीमियम की राशि जमा की गई और न ही अनुबंध कराया। संचालकों ने किराया की राशि का भी भुगतान नहीं किया। दुकानदारों को यदि कोई समस्या थी तो दुकानदार नगर पंचायत में आकर लिखित सूचना करते। इस कार्रवाई में तहसीलदार सालिक राम गुप्ता, मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविंद्र लाल, दयाशंकर गुप्ता, जय सिंह सहित पुलिस टीम उपस्थित थी।

### जारी किया गया था नोटिस

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी रविन्द्र लाल ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा दुकानदारों को 22 अगस्त को अंतिम सूचना दी गई थी जिसमें 48 घंटे में दुकानदारों को जवाब देने हेतु कहा गया था तथा 48 घंटे के समय पश्चात मुनादी भी कराई गई थी परंतु दुकानदारों ने कोई जवाब या दावा आपत्ति नहीं किया जिससे दुकानों को सील बंद की कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने बताया कि दुकानदारों से प्रीमियम की कुल राशि बस स्टैंड में बकाया 30 लाख 94 हजार 500 रुपए व महुआपारा में 7 लाख 15 हजार 500 रूपए की राशि बकाया है। महुआपारा में 3 दुकानदारों ने अपनी दुकानें खुद ही सरेंडर कर दी जिसके बाद उनकी अमानत राशि जब्त की गई है और उन दुकानों का टेंडर पुनः निकाला जाएगा। बस स्टैंड में 15 में से 6 दुकानें महुआपारा में 15 में 5 दुकानें एवं डेली सब्जी मार्केट में 12 दुकानों में से 10 दुकानों को सील किया गया है। सब्जी मार्केट में 10 की प्रीमियम राशि जमा नहीं करने के कारण नगरीय प्रशासन विभाग उन 10 दुकानों को दुबारा टेंडर करेगी।

# गैस गोदाम के खिलाफ ग्रामीणों में आक्रोश, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर



मदनपुर ग्राम में प्रस्तावित गैस गोदाम के निर्माण को लेकर स्थानीय ग्रामवासियों और अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त है। शुक्रवार को जिला पंचायत सदस्य व युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष नरेंद्र यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर गैस गोदाम को अन्यत्र स्थानांतरित करने की मांग की।

ग्राम वासियों का कहना है कि गोदाम का प्रस्तावित स्थल के समीप स्कूल और कॉलेज के बेहद करीब है जिससे भविष्य में बड़ी दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ज्ञापन में बताया गया कि गैस गोदाम जो मात्र 5 मीटर की दूरी पर कॉलेज परिसर और 50 मीटर की दूरी पर कॉलेज भवन से सटा हुआ है। इसके अलावा 100 मीटर के दायरे में पार्वती स्कूल और कॉलेज भी संचालित है, जहां सैकड़ों बच्चे पढ़ाई करते हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों को डर है कि गैस गोदाम के कारण किसी अनहोनी की स्थिति में बच्चों की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जल्द ही गैस गोदाम का स्थान परिवर्तन नहीं किया, तो ग्राम वासियों और बच्चों के परिजनों के साथ मिलकर एनएच-43 पर चक्का जाम किया जाएगा।

### अवैध रेत उत्खनन परिवहन करते 4 ट्रैक्टर जब्त

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने के लिए उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश एसडीएम एवं खनिज विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। जिसके तहत राजस्व टीम द्वारा अवैध उत्खनन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। एसडीएम बलरामपुर अभिषेक गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन व परिवहन करने वालों पर कार्रवाई की गई। टीम द्वारा चनान नदी से 4 ट्रैक्टर में अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते पाए जाने पर चारों टैक्टर को जब्त कर बलरामपुर थाना को सुपुर्द किया गया है। इस दौरान तहसीलदार रवि भोजवानी, नायब तहसीलदार, पटवारी सहित राजस्व की टीम मौजूद रही।

## स्टेट कोटा में 96 व ऑल इंडिया कोटा में 4 का एडमिशन

# मेडिकल कॉलेज में पहले चरण में 100 छात्रों ने लिया प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो गई है। कॉलेज में ऑल इंडिया और स्टेट कोटा से कुल 100 छात्र छात्राओं ने यूजी की सीटों पर एडमिशन लिया है। हालांकि इनमें से कई एमबीबीएस छात्र छात्राएं सुविधा के अनुसार अपने कॉलेज को अपग्रेड कर लेंगे। वहीं फिलहाल दूसरे चरण के लिए मेडिकल कॉलेज में प्रवेश की प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है। एमसीसी द्वारा अब नए सिरे से पंजीयन और सीट अलॉटमेंट की तिथि घोषित की जाएगी।

बता दें कि राजमाता श्रीमती देवेन्द्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में स्तर 2025-26 में एमबीबीएस की 125 सीटों पर प्रवेश के लिए एनएमसी से प्रवेश की अनुमति मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई थी। कॉलेज में स्टेट कोटा के लिए 104, ऑल इंडिया कोटा में 18 व सेंट्रल पूल कोटा में 3 सीटों का निर्धारण किया गया है। कॉलेज में 14 से 22 अगस्त तक ऑल इंडिया कोटा के लिए पहले चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की गई। पहले चरण में ऑल इंडिया कोटा में कुल 4 छात्र छात्राओं ने एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश लिया है। वहीं स्टेट कोटा की बात की जाए तो मेडिकल कॉलेज में 18 से 24 अगस्त तक पहले चरण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। कॉलेज में पहले चरण में स्टेट कोटा से 101 छात्र छात्राओं की सूची जारी की गई थी जिसमें से 96 छात्र छात्राओं ने प्रवेश लिया है। इस तरह मेडिकल कॉलेज में 125 सीटों में से 100 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। प्रवेश की प्रक्रिया डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, प्रवेश समिति की अध्यक्ष डॉ. रंजना आर्या, को-ऑर्डिनेटर डॉ. परमानंद अग्रवाल, स्क्रूटनी प्रभारी डॉ. आभा एक्का की निगरानी में की गई। हालांकि प्रबंधन का कहना है कि दूसरे चरण से पहले कई छात्र छात्राएं अपनी सुविधा के अनुसार अपने जिले व राज्य के कॉलेज में अपग्रेड करेंगे जिसके बाद फिर से शेष बची सीटों के लिए दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। वहीं 27 अगस्त से दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होनी थी लेकिन एमसीसी से फिलहाल विशेष कारणों से तिथि को स्थगित कर दिया गया है और अब कॉलेज प्रबंधन को आगामी तिथि घोषित किए जाने की बात कही गई है।



## खबर संक्षेप

### जनजातीय समाज तक पहुंचेगी 25 योजनाएं

**बैकुण्ठपुर।** जिपं के सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्टरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने कहा कि यह अभियान विजन 2047 विकसित भारत का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य जनजातीय समाज तक शासन की योजनाओं की शत-प्रतिशत पहुंच सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत कोरिया जिले के 154 ग्रामों में बुनियादी सुविधाओं के साथ सरकार की 25 योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण पूरा हो चुका है, जो 1 से 3 सितंबर तक ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण देंगे। इसके बाद ग्रामीण वालंटियर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रत्येक चयनित ग्राम में आदि सेवा केन्द्र स्थापित होंगे। कार्यक्रम में अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्रीमती ऊषा लकड़ा, विभिन्न विभागों के जिलाधिकारी व मास्टर ट्रेनर उपस्थित रहे।

### जिले में उर्वरक वितरण अब होगा हाई-टेक



**मनेन्द्रगढ़।** जिले के निजी उर्वरक विक्रेताओं को अब उर्वरक वितरण में पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नई पीढ़ी की एल वन पोस मशीनें प्रदान की गई हैं। गुरूवार को कार्यालय उप संचालक कृषि मनेन्द्रगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में इन मशीनों का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि इंद्रासन पैकरा ने बताया कि 15 अगस्त से पूर्व प्रदाय लो पोस मशीनें निष्क्रिय हो चुकी थीं, इसके बाद आधुनिक तकनीक से युक्त एलवन पोस मशीनों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि नई मशीन से किसानों को उर्वरक प्राप्त करने में आसानी होगी, वहीं विक्रेताओं को स्टॉक और बिक्री संबंधी अद्यतन जानकारी रखने में भी सुविधा मिलेगी। कार्यक्रम में निजी उर्वरक विक्रेताओं सहित आईपीएल कंपनी के प्रतिनिधि, सहायक संचालक कृषि जयंत कुमार पैकरा और शाखा प्रभारी दीपक कुमार साहू उपस्थित रहे।

### 50 श्रद्धालुओं का दल अयोध्या के लिए रवाना

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन की महत्वाकांक्षी श्री रामलला दर्शन योजना के तीसरे चरण में एमसीबी जिले से चयनित 57 श्रद्धालुओं में से 50 श्रद्धालुओं का दल गुरूवार की सुबह कलेक्टोरेट परिसर, मनेन्द्रगढ़ से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। श्रद्धालुओं को अंबिकापुर रेलवे स्टेशन से विशेष ट्रेन द्वारा अयोध्या ले जाया जाएगा।

## बैकुंठपुर में अनोखे अंदाज में हड़ताली कर्मियों का आंदोलन

# पीपीई किट पहनकर कर्मियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रदेशभर में राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं, इसके चलते जिले में स्वास्थ्य सेवाएं काफी प्रभावित हो रही है।

अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके परिजन को कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएम कर्मी जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के प्रेमाबाग मंदिर परिसर में बीते 10 दिनों से लगातार अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इस दौरान सरकार की ओर से किसी तरह की कोई पहल अब तक नहीं हो पाई है। एनएचएम कर्मी इस अवधि में लगातार अनोखे तरीके से आंदोलन को आगे बढ़ा रहे हैं। कभी खून से मांग पत्र लिखकर, तो कभी सड़क पर धरना देकर, वे सरकार का ध्यानाकर्षित कर रहे हैं, फिर भी सरकार उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दे रही हे। इसी कड़ी में शुक्रवार को कोरिया जिले में एनएचएम कर्मचारियों ने पीपीई किट पहनकर रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने कहा कि कोरोना काल में इन्हीं किटों में रहकर उन्होंने जान जोखिम में डालकर अपनी सेवाएं दी थीं, लेकिन आज उनकी मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर एनएचएम कर्मियों के लगातार कई दिनों के हड़ताल के कारण जिलेभर में स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के लोंगों को उपचार के लिए भटकना पड़ रहा है।



पीपीई किट पहनकर विरोध करते कर्मी।

### हड़ताली कर्मियों को समर्थन देने पहुंचे कांग्रेसी नेता



स्वास्थ्य विभाग के एनएचएम राष्टीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मियों की मांगों के समर्थन में शुक्रवार को कांग्रेस परिवार का प्रतिनिधि मंडल हड़ताली कर्मचारियों से मिलने पहुंचा। इस अवसर पर योगेश शुक्ला, अजय सिंह, आशीष यादव, हेमसागर यादव, आशीष डबरे सहित अन्य कांग्रेसी नेता उपस्थित रहे।

### एनएचएम कर्मियों की प्रमुख मांगें

अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे एनएचएम कर्मियों की प्रमुख मांगों में अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों का नियमितीकरण, समान कार्य के लिए समान वेतन, लंबे समय से लंबित भत्तों का भुगतान, कर्मचारियों की सेवा सुरक्षा की गारंटी आदि शामिल है। हड़ताली कर्मियों ने सरकार को चेतावनी दी है कि उनकी मांगे नहीं मानी गइं तो आंदोलन और भी उग्र रूप लेगा।

### सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवा बिगड़ी

एनएचएम के तहत नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों के अपनी मांगों के समर्थन में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से जिलेभर के सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवा बिगड़ गई है। एनएचएम कर्मी ऐसे समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, जब जिले में मौसमी बीमारी का प्रकोप ज्यादा है। सरकारी स्वास्थ्य सेवा बिगड़ने के कारण मरीजों को कई तरह की दिक्कतों का सामना सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में करना पड़ रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग के सरकारी काम काज भी प्रभावित हो रहा है। एनएचएम कर्मियों के हड़ताल के चलते विभिन्न राष्टीय स्वास्थ्य कार्यक्रम भी प्रभावित हो रही है।

## अंबिकापुर में जादूगर दीप कुमार के शो का भव्य आगाज



**अंबिकापुर।** पीजी कालेज के सामने स्थित राज मोहनी भवन में 29 अगस्त से शोमैन जादूगर दीप कुमार द्वारा सम्पूर्ण पारिवारिक जादुई शो का आगाज हुआ। शो के दौरान सभी दर्शकों को रोमांचित और आनंदित करने का दौर चला। जादूगर के पल पल एक नया चमत्कार और नए नए बदलते ड्रेस में जादूगर का मंच पर आना तो कभी लड़की को मंच पर बुलाकर 10 फीट हवा में उड़ाया तो कभी सुंदर सी लड़की को 4 हिस्सों में कर के दिखाया, तो कभी खूंखार गोरिल्ला बनाकर सभी को हतप्रभ कर दिया।

कई हास्य भरे जादुई करतबों पर खूब ठहाके लगे तो दुनियां के सबसे जबरदस्त माइम मैजिक ऐक्ट देख कर सभी दर्शक आश्चर्यचकित रह गए। यह शो कई जन संदेशों से भरा है जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशे से दूर रहे, अपराध ना करें, जैसे अनेक संदेश भरे करतब को दर्शकों ने बेहद सराहा। यहां ऐसे ही अचरज मे डाल देने वाले रोजाना दो शो, 4 बजे एवं संध्या 7बजे से दिखाए जाते हैं , रविवार एवं मंगलवार को 3 शो दिखाया जाता है - 1बजे, 4 बजे एवं संध्या 7 बजे से 1 प्रत्येक शो दो घण्टे का होता है जिसका टिकट हॉल पर सुबह 10 बजे से मिलता है एवं ऑनलाइन टिकट एडवांस में भी लिया जा सकता है। जादू शो के आयोजक रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि स्कूल एवं कोचिंग के बच्चों के लिए ग्रुप में देखने पर टिकट में भारी छूट दी जा रही है। स्कूल का स्पेशल शो सुबह में 10 बजे से स्कूल की सुविधानुसार आयोजित किया जा रहा है।

## एल्यूमिनियम खिड़की चोरी के आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले के सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी अहमद रजा अंसारी पिता मोहम्मद सिराज उम्र 43 वर्ष निवासी मुख्य महाप्रबंधक कार्यालय बैकुंठपुर ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रामपुर स्थित एसईसीएल कॉलोनी के बंद पड़े मकान से खिड़की और दरवाजे चोरी हो गए हैं।

प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बैकुंठपुर में अपराध क्रमांक 295/2025 धारा 331 (3), 305 (इ), 62, 3 (5) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बैकुंठपुर राजेश साहू के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पटना सब्जी मंडी क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी करन चौधरी पिता बृजलाल चौधरी उम्र 21 वर्ष, शिवा चौधरी पिता भोला चौधरी उम्र 25 वर्ष, करन चौधरी पिता बृजलाल चौधरी उम्र 21 वर्ष सभी निवासी बाबाटोला, थाना हनुमानताल, जिला जबलपुर (म.प्र.), हाल मुकाम पटना, जिला कोरिया है। पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए सामान एल्यूमिनियम के खिड़की और दरवाजे, वजन लगभग 40 किलो, कीमत लगभग 12 हजार रूपए जब्त कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।



गिरफ्तार आरोपी।

## दिनचर्या में शामिल करें पुस्तक पढ़ने की आदत: डीईओ

**बैकुण्ठपुर।** छग राज्य के 25 वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) पर छग शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन और जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में जिला स्तरीय पुस्तक वाचन कार्यक्रम का आयोजन सेजस खरबत बैकुंठपुर में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विकासखंड शिक्षा अधिकारी देवेश जायसवाल, खंड स्त्रोत समन्वयक नीलेश शुक्ला एवं विकासखंड नोडल अधिकारी विजयनाथ बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप पज्जवलन कर किया गया, इसके बाद कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में पुस्तक वाचन का मुख्य उद्देश्य, विद्यार्थियों एवं समाज में विभिन्न पुस्तक पढ़ने की आदत और ज्ञानवर्धक पुस्तकों को निरंतर समझ के साथ पढ़ना और पढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में साक्षरता और पढ़ना, लिखना व्यक्ति के विकास के लिए पुस्तक पढ़ना जारी रखना चाहिए, हम जितनी पुस्तके पढ़ेंगे उतने ही समझदार होते जाएंगे, पुस्तकें ज्ञान का असीमित भंडार हैं, जो हमें नई सोच, प्रेरणा और जीवन जीने की दिशा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से प्रतिदिन कम से कम 1 घंटा विषय से अलग महापुरुषों की जीवनी, कहानी, पत्रिका, ज्ञानवर्धक पुस्तक अवश्य पठन करना चाहिए। इसके पश्चात संस्था के समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं के साथ पुस्तक वाचन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के प्राचार्य ब्रिज नारायण मिश्रा ने सभी अतिथियों को प्रेरक पुस्तक भेंट किया और अभिभावकों शिक्षकों, विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

इस तरह के आयोजन से बच्चों में वाचन कौशल और साहित्य के प्रति रुचि विकसित होती है। पुस्तक वाचन से न केवल भाषा कौशल का विकास होता है। पुस्तक वाचन कार्यक्रम में संस्था के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं काफी संख्या में विद्यार्थी, अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक वीरेन्द्र के द्वारा किया गया।



### 18 को वॉक- इन-इंटरव्यू

**बैकुण्ठपुर।** जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज कोरिया में वर्ष 2025-26 के प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए अस्थायी प्रशिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन द्वारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है। कॉलेज में जिन ट्रेड्स में प्रशिक्षण संचालित होना है, उनमें असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन, असिस्टेंट मॅशन (जनरल राजमिस्त्री), सोलर पैनल इंस्टॉलेशन टेक्निशियन, मशरूम ग्रोवर, लाइट मोटर व्हीकल ड्राइवर (लेवल-3) तथा जल वितरण संचालक शामिल हैं। प्रशिक्षकों की नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा निर्धारित प्रपत्र के साथ 18 सितंबर को वॉक-इन-इंटरव्यू में सम्मिलित हो सकते हैं। कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार कोरिया जिले की आधिकारिक वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू डॉट कोरिया गर्वमेंट डॉट इन का अवलोकन कर सकते हैं।

## पांच सचिव को नोटिस, एक सस्पेंड

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभागार में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में ग्राम पंचायतवार योजनाओं की प्रगति पर चर्चा करते हुए उन्होंने समय-सीमा का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। लापरवाही बरतने वाले ग्राम पंचायत सचिव श्रीपाल भगत को तत्काल निलंबित कर दिया गया तथा अकारण अनुपस्थित रहने वाले पांच सचिवों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

## बाइक चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पटना के पास खड़ी मोटरसायकल चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार मुरमा निवासी राम सजीवन सिंह गोड़ ने अपनी हीरो स्प्लेंडर क्रमांक सीजी 16 सीएफ 3716, कीमत लगभग 40,000 अस्पताल परिसर के पास खड़ी की थी, जिसे अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर थाना में अपराध क्रमांक 171/2025 धारा 303 (2) बीएनएस दर्ज किया गया। तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपी शिव पिता जग्गू राम यादव निवासी ग्राम रकैया थाना चरचा को चोरी का अपराध करते पाया। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई मोटरसायकल बरामद कर ली गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर जेल भेजा गया।

### हर्षोल्लास के साथ मना राष्ट्रीय खेल दिवस

**मनेन्द्रगढ़।** शहर के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन भारत के महान हॉकी जादूगर मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर खेल और खिलाड़ियों के सम्मान में मनाया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत विशेष प्रार्थना सभा में मेजर ध्यानचंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। प्रधानाचार्य डॉक्टर बसंत कुमार तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता और अनुशासन का भी आधार हैं।

### आम सूचना

मैं संतोष कुमार सिंह उपरोक्त अधिवक्ता श्रीमती रश्मि गुप्ता पत्नी रिंकेश गुप्ता उम्र लगभग 30 वर्ष एवं श्रेयस गुप्ता आ. रिंकेश गुप्ता उम्र लगभग 12 वर्ष, दोनों निवासी वाटिकापारा, ग्राम बतौली, थाना व तहसील बतौली जिला सरगुजा छ.ग. की ओर से यह आम सूचना प्रकाशित कर रहा हूं कि श्री रिंकेश गुप्ता आ. राधे प्रसाद के नाम से ग्राम बतौली तहसील बतौली पटवारी हल्का नं. 10, जिला सरगुजा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा क्र. 250/5, 381/22 कुल रकबा क्रमशः 0.085, 0.002 हे. भूमि को विक्रय करने हेतु प्रयासरत है। जबकि उक्त भूमि मेरे पक्षकार व उसके नाबालिग पुत्र की पैतृक भूमि है। जिसे उपरोक्त पक्षकार के पति/पिता रिंकेश गुप्ता आ. राधे प्रसाद के द्वारा विक्रय करने का अधिकार नहीं है।

अतएव इस सूचना के माध्यम से आम लोगों को सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि को मेरे पक्षकार के पति/पिता रिंकेश गुप्ता से क्रय-विक्रय न करें। अन्यथा क्रय-विक्रय के पश्चात् मेरी ओर से क्रेता के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

भवदीय
संतोष कुमार सिंह
(अधिवक्ता)

### न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202506020700230/

विषयः-अ-27 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2024-2025

फुन्दुरडिहारी प.ह.न. 00016 [434/206(0.0210 हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-धनंजय सोनी,
पूजा सोनी,
अनावेदक पक्षकार-धनंजय सोनी,
पूजा सोनी,

**ईश्तहार**

आवेदक धनन्जय सोनी आ. रामोतार सोनी, निवासी पानी टंकी, घुटरापारा, अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 434/206 रकबा 0.021 हे. भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/2 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक -15/9/25 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/8/25 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
तहसील-अम्बिकापुर

### न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा, छ.ग.

राजस्व प्रकारण----/ब-121/202

**ईश्तहार (उद्घोषण)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामः- कुनियाकला एवं तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है। कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती कमलु टोप्पो पिता भिखू टोप्पो निवासी ग्राम कुनियाकला थाना-दरिमा तहसील दरिमा जिला-सरगुजा, छ.ग. के द्वारा उनके माता गांगी पति भिखू टोप्पो का मृत्यु दिनांक 03/04/2024 है, तथा स्थान कुनियाकला में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखित में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 15/9/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार दरिमा, जिला सरगुजा, छ.ग.

राजस्व प्रकारण----/ब-121/202

**ईश्तहार (उद्घोषण)**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामः- कुनियाकला एवं तहसील दरिमा को सूचित किया जाता है। कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमती कमलु टोप्पो पिता भिखू टोप्पो निवासी ग्राम कुनियाकला थाना-दरिमा तहसील दरिमा जिला-सरगुजा, छ.ग. के द्वारा उनके पिता भिखू टोप्पो पिता पिठीया टोप्पो का मृत्यु दिनांक 11/04/2024 है, तथा स्थान कुनियाकला में हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो लिखित में स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा दावा/आपत्ति दिनांक 15/9/2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर सुनवाई हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/8/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
दरिमा जिला सरगुजा (छ.ग.)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
दिनांक 31 अगस्त 2025
दिन - रविवार
समयः- सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

सरगुजा मार्केट

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा


डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें - 7587722255

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) |9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी.डीएम. कार्डियोलॉजिस्ट
सीने में दर्द या भारीपन
सांस लेने में तकलीफ
लगातार पसीना
नींद न आना
घबराहट एवं बेचैनी
अनियमित हृदय गति
दिनांक
24 अगस्त 2025
दिन - रविवार
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजीएंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
पेशाब में जलन
प्रोस्टेट बढ़ जाना
पेशाब बार-बार होना
पेशाब बूंद-बूंद पर होना
पेशाब के रस्ते का छोटा होना

अमृत काढ़ा काजमी
मलेरिया एवं टाईफाईड अचूक औषधि
यह दवा 8 प्रकार के बुखारों को मात्र 3 खुराक में जड़ से समाप्त कर देती है।
विजरा माल्ट
शादी से पहले या शादी के बाद में पुरूष बांझपन एवं नंपुशक्ता का विश्व का सबसे उत्तम दवा एक भी शुक्र कीट जिंदा या मुर्दा मिलने पर 100% ईलाज
विजरा पावर
शादी के बाद यह दवा पहले से दसवें दिन तक किसी तरह के कमजोरी को दूर कर सिथिलता एवं शीघ्र पतन को दूर कर आंतरिक ताकत का एहसास कराती है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर
मो. 9826461355



शीतला वार्ड करसू तालाब के समीप स्थापित गणेश प्रतिमा।


सतीपारा कर्बला के समीप स्थापित गणेश प्रतिमा।


भैरव एकादश गणेश पूजा समिति कदमपारा प्रतापपुर।


अमनदोन गणेश पूजा समिति।

## खबर संक्षेप



### विघ्नहर्ता गणेश के पूजन से नगर हुआ भक्तिमय

**प्रतापपुर।** नगर में गणेश पूजा के पावन अवसर पर बस स्टैंड कॉलेज चौक में गणेश पूजा समिति एवं भैरव एकादश गणेश पूजा समिति कदमपारा,बाबापारा, अमनदोन सहित आसपास के क्षेत्र में गणेश पूजा की धूम है। जहां पूरे विधि विधान से विघ्नहर्ता गणेश के पूजन से इन दिनों पूरा नगर भक्तिमय हो गया है। आकर्षक टेंट पंडाल एवं गणेश प्रतिमा आस्था का केंद्र बना हुआ है। श्रद्धालु पूजा करने के लिए पंडालों में उमड़ रहे हैं। वहीं बस स्टैंड कॉलेज चौक गणेश पूजा समिति से संजीत जायसवाल, अमन मित्तल, शुभम कश्यप, अर्जित जायसवाल, सत्यम सोनी, प्रियंशु सोनी, आकाश मित्तल, विक्रम नामदेव, राजेश कश्यप, विजय गुप्ता, विपुल, शुभम गुप्ता सहित अन्य सक्रिय है।

### पंडालों में विधि-विधान से की जा रही पूजा अर्चना



**सोनगरा।** कोयलांचल क्षेत्र भटगांव में बड़े धूमधाम के साथ गणेश उत्सव मनाया जा रहा है। इस अवसर पर जगह-जगह पंडाल में भगवान गणेश की प्रतिमा विधि विधान से स्थापना की गई। न्यू माइनस कॉलोनी, पुराना माइंस कॉलोनी, प्रगति विहार कॉलोनी, संडे मार्केट,बाजार पारा, शिव मंदिर प्रांगण, मस्जिद पारा सहित कई जगह पर लंबोदर की प्रतिमा स्थापित किया गया और पूजा अर्चना की जा रहीं है। वहीं वार्ड क्रमांक 2 बांधपारा मे पूर्व पार्षद अवधेश पैकरा ने साथियों के साथ सांस्कृतिक भवन में पहली बार गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित किया गया जिससे वार्ड के पूजा को लेकर उत्साह है। इस आयोजन में पप्पू पैकरा, नारायण पैकरा, पप्पू राजवाड़े, राकेश प्रसाद, सोनू राजवाड़े, शमशाद, रवि, आकाश, अमित, प्रमित राजवाड़े, शमशाद, अनिल, आकाश सक्रिय है। इस तरह गणेश चतुर्थी के अवसर पर जरही में गणेश पूजा की विधिवत पूजा अर्चना कर गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। नगर वासियों की ओर से 10 दिनों तक पूजा-पंडाल में धार्मिक अनुष्ठान, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### कैबिनेट मंत्री राजेश का किया गया स्वागत

**उदयपुर।** कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल के प्रथम सरगुजा आगमन पर उदयपुर प्रवेश स्थल पर विकासखंड के जनपद सदस्य, सरपंच, उप



सरपंच, सचिव संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कैबिनेट मंत्री श्री अग्रवाल के पहुंचते ही कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की छात्राओं तथा महिला मोर्चा द्वारा तिलक आरती करते हुए पुष्प वर्षा की गई। इसके पश्चात संयुक्त संघ द्वारा लड्डुओं से तौलते हुए महामाला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भगवाधारी शैला नृत्य की टीम द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी। इस दौरान जनपद सदस्य अर्जुन सिंह, मुन्ना सिंह, नागेश्वरी पैकरा, शकुंतला पैकरा, रेवती यादव, सरपंच संघ के प्रदीप मरकाम, मनबोध सिंह, जगदीश सिंह, अनिमा पैकरा, राम सिंह, राजेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, देवलोचन, सखा राम, ठाकुर मरकाम, सालिक राम, शशिकांत, कलम साय, उप सरपंच संघ के संतोष जायसवाल, चन्द्र बसु यादव, मूलचंद्र अग्रवाल, खेलावन निषाद, प्रमोद जायसवाल, सुध राम, अमन बसंल, बिहानु राम, भगवान दास, चन्द्रिका यादव, सचिव संघ के बाबूलाल दास, नारायण यादव, गोपाल राम, नसीमदीन खान, खेलो सिंह, रूपन सिंह,, नोहर साय, शिवकुवर, राजेश पैकरा, छत्रपाल, इन्द्रजीत, रमेश पाण्डेय, आदित्य ताम्रकार, आशीष अग्रवाल, भुनेश्वर पैकरा, सुशील यादव, बुधराम तिर्की एवं विकासखंड के अधिकारी, कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

## जिले में साइबर ठगों का आतंक, हर दिन 4 लोग हो रहे शिकार

# 243 दिन में 930 मामले, साढ़े 6 करोड़ की ठगी, जल्द एक हजार के पार होगा आंकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में साइबर अपराधियों की गतिविधियां बेकाबू हो गई हैं। हर दिन औसतन 3 से 4 लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे हैं। कभी इंटरनेट लिंक पर क्लिक करने से। तो कभी सोशल मीडिया मैसेज या कॉल के जरिए लोग अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गंवा रहे हैं। पुलिस की ताज़ा रिपोर्ट के मुताबिक जनवरी 2025 से अब तक रायगढ़ जिले में 930 साइबर ठगी के मामले दर्ज किए गए हैं। इन मामलों में अपराधियों ने मिलाकर करीब साढ़े करोड़ रुपए की ठगी कर ली है।

1 जनवरी से अब तक के आंकड़े बताते हैं कि साइबर अपराधियों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। जनवरी से मार्च तक औसतन 80-90 मामले दर्ज हुए। अप्रैल से जुलाई के बीच यह संख्या हर महीने 120-130 तक पहुंच गई। अगस्त में स्थिति और गंभीर हो गई है और आशंका है कि 31 अगस्त तक मामलों की संख्या 1000 पार हो जाएगी। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि ठगी गए पैसों में से केवल 0.2 रकम ही पीड़ितों को वापस मिल पाई है। पुलिस के अनुसार, ठगी की रकम तुरंत अलग अलग खातों, वॉलेट और अब तो विदेशी बैंक खातों में भेज दी जाती है। जिससे उसे रोकना मुश्किल हो जाता है। यही वजह है कि पीड़ितों को उनकी मेहनत की कमाई वापिस नहीं मिल पा रही है।



### कैसे कर सकते हैं खुद का बचाव

- किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें।
- ओटीपी, बैंक पासवर्ड और पिन किसी को न बताएं।
- लुभावने ऑफर और फर्जी निवेश योजनाओं से दूर रहें।
- ठगी होते ही तुरंत 1930 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करें और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें।

### त्योहारों में और बढ़ेगा खतरा

विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले महीनों में त्योहारी सीजन की वजह से साइबर ठगी और तेजी से बढ़ सकती है। इस दौरान ऑनलाइन शॉपिंगए यात्रा बुकिंग और आयोजनों की टिकटिंग अधिक होती है। ठग फर्जी बुकिंग इंटरफेस, नकली ई.कॉमर्स ऑफर और फेक यूपीआई लिंक बनाकर लोगों को लुभाते हैं। डांडिया नाइटए सांस्कृतिक आयोजन और ट्रेवल पैकेज के नाम पर नकली वेबसाइट बनाई जाती है, जिन पर बुकिंग करते ही पैसा गायब हो जाता है। कई साइट्स पर छिपे मालवेयर और स्पैम बैंकिंग जानकारी चुरा लेते हैं।

### पुलिस और प्रशासन की चुनौतियां

रायगढ़ साइबर सेल लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। थानों में केवल बड़े मामलों की रिपोर्ट दर्ज होती है। जबकि छोटे.मोटे मामलों की शिकायतें ऑनलाइन और साइबर सेल में की जा रही हैं। लेकिन सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अपराधियों का नेटवर्क राज्य से बाहर और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक फैला हुआ है। कई ठगी गैंग उत्तर प्रदेश, दिल्ली, झारखंड और विदेशी देशों से ऑपरेट करते हैं।

### साइबर अपराधियों के नए हथकंडे

पुलिस और साइबर विशेषज्ञों ने बताया कि अपराधियों के तरीके अब और भी खतरनाक हो चुके हैं। पहले ठगी के पैसे 100-200 बैंक खातों में ट्रांसफर कर नकद निकाल लेते थे। अब पैसा सीधे विदेशी खातों में भेजा जा रहा है। ऐसे मामलों में रिकवरी लगभग नामुमकिन हो जाती है। पिछले कुछ दिनों से साइबर ठग यह तरीका अपना रहे हैं। खासकर शेयर ट्रेडिंग और डिजिटल अरेस्ट वाले मामलों में ज्यादा इजाफा हो रहा है। साइबर ठगी के लिए सबसे ज्यादा फिशिंग का इस्तेमाल हो रहा है। साइबर ठग सोशल मीडियाए कॉल आदि के जरिए शेयर बाजारए ऑनलाइन टॉस्क आदि का झांसा देते हैं। इसमें फंसकर लोग लाखों रुपए गंवा रहे हैं।

### हाल ही में तीन केस से पुलिस की चिंता बढ़ी

हाल ही में साइबर ठगी के तीन ऐसे केस सामने आए हैं जिससे पुलिस की चिंता बढ़ गई है। कुछ दिन पहले फ्रॉड इन्वेस्टिंग ऐप में एक युवक ने 45 लाख रुपए गंवा दिए। राशि गंवाने के बाद उसे ठगी का एहसास हुआ तो वह थाने पहुंचा। दूसरे मामले में एक युवती का डिजिटल अरेस्ट हुआ था। जानकारी के अनुसार युवती एक विदेशी से चैट करती थी। फर्जी विदेशी ने युवती को डिजिटल अरेस्ट कराकर 7 लाख रुपए ले लिया। इसी तरह एक युवक ने फर्जी लोन ऐप के चक्कर में 22 लाख रुपए लुटा दिए हैं। हैरानी इस बात को लेकर होती है कि ये सभी पीड़ित खुद को लुटाने के बाद ही थाने तक पहुंचते हैं। उससे भी हैरानी की बात तो ये है कि जितने भी लोग ठगों के झांसों में आ रहे हैं वे सब अच्छे खासे पढ़े लिखे हैं।

### सबसे ज्यादा नुकसान फिशिंग से

रायगढ़ जिले में फिशिंग अटैक सबसे बड़ी चुनौती बनकर सामने आया है। अपराधी सोशल मीडिया, ईमेल और कॉल के जरिए निवेश, ऑनलाइन टॉस्क, लोन ऑफर और शेयर ट्रेडिंग के झांसे देते हैं। लोग झांसे में आकर लिंक पर क्लिक करते हैं या अपनी बैंक डिटेल शेयर कर देते हैं। एक बार जानकारी मिलते ही ठग मिनटों में लाखों उड़ा ले जाते हैं। रायगढ़ जिले में साइबर अपराधियों ने इस साल अब तक करीब साढ़े 6 करोड़ रुपए की ठगी कर ली है और हर दिन औसतन 4 लोग उनके शिकार बन रहे हैं। अगर लोगों में जागरूकता और प्रशासन की निगरानी नहीं बढ़ीए तो आने वाले महीनों में यह आंकड़ा और भी भयावह हो सकता है।

## स्कूली बच्चों को साइबर अपराध के प्रति पुलिस ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

साइबर अपराधों को रोकने व साइबर क्राइम के प्रति आमजन को सजग करने के लिए पुलिस ने शुक्रवार स्थानीय साधुराम विद्या मंदिर स्कूल में साइबर कॉप जन जागरूकता अभियान के तहत बच्चों को साइबर अपराध की जानकारी देकर उनके बचाव के तरीके बताए। इस अवसर पर एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने स्कूली बच्चों से साइबर सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को लेकर कई ज्ञानवर्धक सवाल छात्रों से पूछे जिसका छात्रों ने जवाब दिए। यह आयोजन विद्यार्थियों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से किया, ताकि वे किसी भी साइबर क्राइम का शिकार न हो सके।

■ साइबर अपराध के प्रति जागरुकता से बचाव है संभव : एसएसपी

एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने बताया कि साइबर अपराध कई प्रकार के होते हैं जिसमें हैकर्स,धोखेबाज किस्म के अपराधी पीड़ितों की प्रतिष्ठा, वित्त, व्यवसाय आदि को प्रभावित करने वाले विभिन्न साधनों का उपयोग करते हैं। समय के साथ साइबर अपराधी साइबर क्राइम करने के तरीके बदल रहे हैं। उन्होंने बताया कि आपकी सहायता करने के लिए आपको यदि कोई बैंक, बिजली, नगर पालिका, टेलीफोन एक्सचेंज, आयकर या किसी भी विभाग का कर्मचारी बताकर कोई जानकारी मांगता है तो उसे अपनी कोई भी जानकारी न दें। उन्होंने बताया कि साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। बदलते वक्त के साथ साइबर ठगों ने अपने पैंतरे भी बदले हैं। साइबर ठग इंटरनेट मीडिया के जरिए लोगों के पास किसी एप्लीकेशन के माध्यम से फ्रैंड रिक्वेस्ट भेजते हैं। वह उनसे दोस्ती करके धीरे-धीरे उनके बारे में समस्त जानकारियां जुटा लेते हैं। उसके बाद शातिर उनको ठगी का शिकार बनाते हैं। वो उनकी निजी फोटो, बैंक खातों से संबंधी जानकारी भी एकत्रित कर लेते हैं और अपने जाल में फंसाकर उनके खाते में जमा पूंजी को खाली कर देते हैं। ऐसे में विद्यार्थियों एवं आमजन को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वह अपने इंटरनेट मीडिया अकाउंट व बैंकिंग एप्स को सुरक्षित लॉक करके रखें तथा अपनी निजी जानकारी को किसी भी व्यक्ति से सांझा करने से बचें। डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप ने महिला सुरक्षा के लिए महिला रक्षा टीम के कार्यों, थाना प्रभारी विमलेश दुबे, स्कूल के डायरेक्टर डॉ. राहुल अग्रवाल ने स्कूली बच्चों को साइबर एवं यातायात सुरक्षा से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारी से अवगत कराया।



## फार्म हाउस से मुर्गा, बतख चोरी मामले में पुलिस ने एक युवक को किया गिरफ्तार

**सूरजपुर।** फार्म हाउस से मुर्गा, बतख चोरी मामले में कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपी के पास से छह बतख बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार भैयाथान रोड़ निवासी गौतम गुप्ता ने कोतवाली में 12 अगस्त को रिपोर्ट दर्ज काराया था कि उसके फार्म हाउस से चोरों ने मुर्गा, बतख एवं 1 नग समरसिबल पम्प चोरी कर ले गए। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही ग्राम डुमरिया निवासी तुलेश्वर राजवाड़े आ.सीताराम (30 वर्ष) को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ पर युवक ने बताया कि अपने 3 अन्य साथियों के साथ मिलकर मुर्गी पालन केन्द्र फार्म हाउस के अंदर रात्रि में घुसकर जाली को उखाड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरी की। साथ ही बताया कि 6 बतख को अपने बहन के घर ले जाकर रखा। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर 6 बतख बरामद किया। मामले में अन्य आरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी विमलेश दुबे, एएसआई संजय सिंह, आरक्षक जितेन्द्र पटेल, प्रदीप सोनवानी व संदीप यादव सक्रिय रहे।



## परिवार से अलग रह रहे व्यक्ति ने लगाई फांसी

**अम्बिकापुर।** परिवार से अलग रह रहे व्यक्ति ने अपने किराए के मकान में फांसी लगा लिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रतापपुर क्षेत्र निवासी राजेंद्र अग्रवाल आ. रामचंद्र अग्रवाल (55 वर्ष) परिवार से अलग होकर ब्रम्हरोड श्रीराम मंदिर गली में अनिल बारी के यहां किराए के मकान में रह रहा था। आज सुबह मोहल्ले के लोगों ने खिड़की से देखा तो वह कमरे में गमछा के सहारे मृत हालत में फांसी में लटका हुआ था घटना की सूचना मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। बताया जा रहा है मृतक दिव्यांग था और शराब पीने का आदि था।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर 20 कृषक को मछली बीज किया गया वितरण



**सूरजपुर।** मछली बीज प्रदान करने के लिए सुशासन त्यौहार के अवसर पर कृषक द्वारा मत्स्य विभाग को आवेदन दिए गए थे। वर्षा ऋतु को मत्स्य पालन के लिए उपयुक्त मानते हुए विभाग द्वारा मछली बीज का वितरण कृषकों के आवेदनों के आधार पर किया जा रहा है। जिसके तहत आज लगभग 20 कृषकों को मत्स्य बीज हेतु मछली वितरण किया गया है। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर मत्स्य पालन के लिए पात्र कृषक को मछली बीज प्रदाय किया जाएगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों से प्राप्त कृषकों के आवेदन के आधार पर मछली बीज का वितरण किया जा रहा है। कृषकों की मांग के अनुसार शासकीय मत्स्य बीज प्रक्षेत्र बसदेई से पात्र हितग्राहियों को 50 प्रतिशत अनुदान पर मत्स्य बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। आज कृषक धन साय, सुंदर लाल,नेतलाल रजवाड़े, बेदेश्वर प्रसाद, धनधारी,, करम साय, मयंक साहू, मालिक राम सहित अन्य कृषकों को मत्स्य बीज प्रदाय किया गया।

■ सुशासन त्यौहार के अवसर पर मत्स्य बीज के मांग वाले आवेदकों को भी मिला मत्स्य बीज

## खाद की किल्लत, कालाबाजारी सहित अन्य समस्याओं को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

# समितियों के माध्यम से शासकीय दर पर उपलब्ध कराया जाए खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खरीफ सीजन में खाद की कमी, 266 रुपए के यूरिया कि एक हजार से 15 सौ रुपए तक में काला बाजारी, एग्रो स्टेट पंजीकरण में शिथिलता, फसल बीमा में मनमानी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन व चक्का जाम किया। सांकेतिक चक्का जाम के दौरान सड़क के दोनों ओर जाम की स्थिति निर्मित हो गई। इस दौरान कांग्रेस ने एसडीएम के माध्यम से सात सूत्रीय मांगों को लेकर सीएम के नाम ज्ञापन सौना। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने कहा कि सरकार समितियों के माध्यम से तत्काल शासकीय दर पर किसानों को खाद उपलब्ध कराए साथ ही खाद के कालाबाजारियों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई करे। जैसे एक शिशु को समय पर दूध की आवश्यकता होती है उसी प्रकार फसलों को भी समय पर खाद चाहिए।



खाद को लेकर सरकार का रवैया के कारण अच्छी बारिश के बावजूद किसानों का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना बन रही है। पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव ने कहा कि किसान, जवान, महिला, पिछड़े, आदिवासी, दलित सहित देश के आम नागरिको का हित सरकारों के कार्यसूची में नहीं आता। निगम में नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद ने कहा है कि सरकार जानबूझकर किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा रही है। सरकार का एकमात्र लक्ष्य धान उत्पादन को प्रभावित करना है। सरकार को लगता है कि खाद की कमी से किसान का धान उत्पादन कम होगा जिससे सरकार पर धान खरीदी का बोझ नहीं आएगा। धान खरीदने से बचने के लिए सरकार जानबूझकर किसानों को खाद नहीं उपलब्ध करा पा रही है। डीएपी खाद की अनुपलब्धता को लेकर पीसीसी महामंत्री द्वितेन्द्र मिश्रा ने सभा के दौरान पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता ने एग्री स्टेट पंजीयन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि धान खरीदी सहित किसानों से संबंधित सभी लाभ की योजनाओं को इससे जोड़ इसे अनिवार्य बना दिया गया है लेकिन किसानों के बीच मे इसके प्रचार प्रसार में प्रशासन असंवेदनशील बना हुआ है।



## खबर संक्षेप

### प्रियंका को मिली पीएचडी की उपाधि

**अम्बिकापुर।** संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा प्रियंका सिंह चंदेल को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। प्रियंका सिंह ने शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय से प्रो.एसएन पांडेय के निर्देशन में अंग्रेजी विषय में फिक्शनल राइटिंग ऑफ झुम्पा लाहिरी ए क्रॉस कल्चरल प्रास्पेक्टिव विषय पर अपना शोध कार्य पूरा किया। अंग्रेजी भाषा के इस शोध कार्य को बेहद महत्वपूर्ण शोध माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री की तस्वीर का चित्रण करने वाली सीमा को किया गया सम्मानित



**सूरजपुर।** तिलसिवां अटल कुंज के समीप 20 अगस्त को भव्य छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा किया गया था। मौसम के मद्देनजर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से अपनी वर्चुअल उपस्थिति दर्ज कराई थी। जिसमें सुश्री सीमा भारती द्वारा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को एक छायाचित्र भेंट किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के नक्शे के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के तस्वीर का चित्रण किया गया था। उनके इस भेंट व उनकी कला का सम्मान करते हुए, आज कलेक्टर एस जयवर्धन द्वारा उन्हें प्रमाण पत्र व उपहार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य उपस्थित थे।

### बूढ़ाबगीचा में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**राजपुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा में शुक्रवार को समूह की महिलाएं द्वारा विभिन्न वार्डों में भ्रमण कर विशेष स्वच्छता जागरूकता अभियान का शुरू किया गया। जनपद पंचायत सीईओ संजय दुबे के निर्देश पर ग्राम पंचायत बूढ़ाबगीचा सरपंच सुषमा मराबी, सचिव रामदीन राम के नेतृत्व में समूह की महिलाओं ने विभिन्न वार्डो में डोर-टू-डोर संपर्क किया तथा स्वच्छ भारत के स्वच्छता का पालन रखने की बात कही गई। सफाई समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न वार्डों के नागरिकों के यहां घर-घर जाकर डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया गया और कहा कि वे सही समय पर कचरा डस्टबिन में रखेंगे। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण के दौरान समूह की महिलाओं द्वारा ग्राम वासियों को कहा गया कि घरों से सीधे गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में और स्वच्छता दीदियों को कचरा गीला व सूखा अलग अलग प्रदान करे। इस दौरान देवी दयाल मराबी व ग्राम वासी एवं समूह की महिलाएं मौजूद थी।

## मेडिकल कॉलेज अस्पताल सहित निजी अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

# बरसात में बढ़ी मौसमी बीमारी, सर्दी-खांसी बुखार से पीड़ित पहुंच रहे जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्षमता से अधिक हो गए मरीज

बरसात के मौसम में अन्य मौसम की अपेक्षा मौसमी बीमारी का प्रकोप अधिक होता है। ऐसे में अचानक मौसम में बदलाव आ जाए तो बीमारी का प्रकोप और भी बढ़ जाता है। कुछ इस तरह की स्थिति बरसात के इस मौसम में देखने को मिल रहा है। लगातार बारिश होने फिर धूम हो जाने से अब मौसम बदलने का असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। आलम यह है पिछले कुछ दिनों से बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। अचानक मौसम के बदल जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।चिकित्सक भी बदलते मौसम में बच्चों को विशेष ध्यान देने की सलाह दे रहे है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के शिशु वार्ड में भी हर रोज बड़ी संख्या में परिजन बीमार बच्चों को उपचार कराने पहुंच रहे है जिससे अब बेड भी कम पड़ गए है जिससे चिकित्सक बीमार बच्चों को फर्श पर गद्दा लगाकर उपचार कर रहे है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है जिससे हर रोज ओपीडी में भी मरीज के परिजन की भीड़ बढ़ने लगी है। ओपीडी में शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा भीड़ होती है जो मौसमी बीमारी का इलाज कराने पहुंचते है। चिकित्सकों के मुताबिक बारिश के बाद अचानक मौसम के बदल जाने तथा गर्मी के साथ उमस बढ़ जाने से के कारण इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है।

मौसम के बदल जाने से लोग सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। इन दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें सर्दी, जुकाम व बुखार पीड़ितों की संख्या अधिक होती है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार की शिकायत को लेकर जांच कराने पहुंच रहे है।



शिशु वार्ड में फर्श पर इलाज कराते परिजन।

### अस्पताल में बढ़े है मरीज

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों के भीतर मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। मेडिकल वार्ड एवं शिशु वार्ड में मरीज अधिक है जिस कारण मेडिकल वार्ड के गलियारों एवं शिशु वार्ड में खाली जगह पर गद्दा लगाकर उपचार किया जा रहा है। सभी बेड पर मरीज होने के कारण ऐसी स्थिति बनी है।

-डॉ. आरसी आर्या
अस्पताल अधीक्षक

### मेडिकल कॉलेज भवन बनने से मिलती राहत

मेडिकल कॉलेज अस्पताल प्रबंधन की माने तो वर्तमान में मेडिकल कॉलेज अस्पताल लगभग 6 सौ 50 बिस्तरीय है। ऐसे में हर रोज बड़ी संख्या में मरीजों के आने से मेडिकल वार्ड, आईसीयू, शिशु वार्ड में अब बेड कम पड़ने लगे है। ऐसे में वार्ड के गलियारों में अतिरिक्त बेड व शिशु वार्ड में खाली जगह पर गद्दा लगाकर इलाज किया जा रहा है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज भवन पूर्ण हो जाती तो काफी राहत मिलती और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मरीज की संख्या भी सामान्य हो जाती। क्षमता से अधिक मरीज होने के कारण मरीज सहित चिकित्सकों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### बासी भोजन से करें परहेज

चिकित्सकों के मुताबिक वर्तमान में मौसमी बीमारी के कारण मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। चिकित्सकों ने बरसात के मौसम में पानी उबाल कर पीने तथा बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दी। ग्रामीण क्षेत्रों में लोग रात के बचे भोजन तथा कुआं के पानी को बिना उबाले पीते है जिससे बीमार पड़ जाते है। चिकित्सकों का कहना है कि सर्दी, खांसी व बुखार यह मौसमी बीमारी है। घर में बने काढ़ा पीने से ठीक हो सकते है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर का एसडीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- ड्यूटी समय पर नहीं मिले डॉक्टर, एक दिन का वेतन काटने के दिए गये निर्देश



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिश्रामपुर में शुक्रवार को एसडीएम शिवानी जायसवाल ने औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान लापरवाह चिकित्सकों और कर्मचारियों को फटकार लगाई गई है।अस्पताल की स्थिति देखकर उन्होंने कहा कि मरीजों की सुविधा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

एसडीएम ने निरीक्षण के दौरान कुछ चिकित्सक और कर्मचारी समय पर उपस्थित नहीं पाए।इस पर ड्यूटी से नदारद रहे चिकित्सकों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश जारी किए हैं।अचानक हुई कार्रवाई से पूरे अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया।निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अस्पताल में लगी एक्स-रे मशीन को लेकर भी नाराजगी जताई। उन्होंने बीएमओ डॉ.अमित भगत को निर्देशित किया कि मशीन को जल्द से जल्द नए भवन में शिफ्ट कराया जाए,ताकि मरीजों को बेहतर सुविधा मिल सके।एसडीएम ने अस्पताल परिसर की स्वच्छता और मरीजों की देखभाल पर भी कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अस्पताल में हमेशा डॉक्टर समय पर मौजूद रहें। मरीजों को उचित और समय पर उपचार मिले,अस्पताल परिसर में साफ-सफाई और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित हो।

## बकाया राशि भुगतान को लेकर जिपं सीईओ ने शीघ्र निराकरण कराने दिया आश्वासन

**बिश्रामपुर।** पिलखा क्षीर के बकाएदारों के लाखों रुपए की लंबित राशि का भुगतान के मामले में आज शुक्रवार को जिला पंचायत सीईओ व एसडीएम की उपस्थिति किसानों से चर्चा उपरांत एक महीने का समय लिया गया है। गौरतलब है कि पिलखा क्षीर सिलफिली के दूध विक्रेताओं के समेत अन्य कार्यों हेतु बकाया करीब 90 लाख रुपए का भुगतान किया जाना वर्षों से लंबित है। भुगतान न मिलने से किसानों को आर्थिक व मानसिक रूप से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पिछले दिनों कलेक्टर को ज्ञापन देकर लंबित भुगतान को जल्द कराए जाने की मांग की गई थी,बावजूद इसके आज तक कोई पहल नहीं होने पर 18 अगस्त को पुनः कलेक्टर को ज्ञापन देकर एनएच 43 पर 20 अगस्त को पिलखा क्षीर के सामने चक्काजाम व विरोध प्रदर्शन किए जाने हेतु ज्ञापन कलेक्टर को दिया गया था जो कि स्थगित हो गया,इसी तारतम्य में शुक्रवार को किसानों का प्रतिनिधि मंडल जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव व युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में बैठक जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई।बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह ने किसानों की बातों को गंभीरता से सुनने उपरांत एक महीने के अंदर पूरी जानकारी एकत्र करके समस्या के निराकरण हेतु पहल किए जाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान धरनीधर चौरसिया,वेद प्रकाश मिश्र,तपन सिकदार,मिक्का मंडल,पीयूष कुशवाहा,भागवत कुशवाहा,ओमप्रकाश कुशवाहा,यश दास,अभय लकड़ा, रामावतार कुशवाहा,राजेश यादव व अन्य उपस्थित थे।



## मोबाइल चोरी का खुलासा, दुकानदार भी चढ़े हत्थे

**घरघोड़ा।** घरघोड़ा पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने स्थानीय चोर को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर चोरी की संपत्ति खरीदने वाले दो मोबाइल दुकानदारों को भी धर दबोचा।

इस कार्रवाई में कुल 19 नग मोबाइल फोन और 1,100 रुपए नगद रकम जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1.50 लाख रुपए आंकी गई है। मामला 18-19 अगस्त की रात का है। जब कुडुमकेला मेन रोड स्थित बेहरा मोबाइल दुकान का एल्बेस्टर शीट तोड़कर अज्ञात आरोपी ने दुकान से एक ओप्पो और एक पोको C75 कंपनी का नया मोबाइल चोरी कर लिया। इस पर दुकान संचालक ओमप्रकाश बेहरा की रिपोर्ट पर थाना घरघोड़ा में अपराध दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने स्थानीय युवक दीपक झरिया (19 वर्ष, ग्राम कुडुमकेला निवासी) को पकड़ा। पूछताछ में उसने चोरी की वारदात स्वीकार की और बताया कि उसने मोबाइल रायगढ़ की दुकानों में बेचे हैं।



## कुंजनगर हर्राटिकरा के शोक संतप्त परिवारों से मिलकर केबिनेट मंत्री ने जताई संवेदना

**बिश्रामपुर।** भटगांव विधानसभा अंतर्गत शिवनंदनपुर मंडल के ग्राम कुंजनगर व हर्रा टिकरा स्थित विभिन्न शोक कार्यक्रमो में शामिल होकर महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने शोक संतप्त परिवारों को ढाँढस बंधा ईश्वर से उनके आत्मीय मोक्ष की कामना की है।केबिनेट मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने ग्राम पंचायत कुंजनगर में शिवलाल राजवाड़े के भाई स्व.संफर राजवाड़े एवं मंडल अध्यक्ष हरीश राजवाड़े के पिता स्व.करन साय के निवास एवं ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में दशरथ राजवाड़े की पत्नी स्व.लक्ष्मी राजवाड़े के घर जाकर शोक कार्यक्रमों में शामिल हुईं।इस दौरान भाजपा शिवनंदनपुर मंडल के अध्यक्ष हरिश राजवाड़े,पूर्व मंडल अध्यक्ष देवधन राम बिझिया,कैलाश सिदार,हंस राजवाड़े, मनियारी, रीता देवी, नंद कुमारी, अर्जुन, शंकर, भरत लाल, चंद्र कुमार, दल साय व गोपाल उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736



## भारतीय मजदूर संघ ने लगाए फलदार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

भारतीय मजदूर संघ बीएमएस ने वीरांगना अमृता देवी बलिदान दिवस को अनूठे तरीके से मनाते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण दिवस का रूप दिया,कुम्दा फिल्टर प्लांट प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में श्रमिक नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया एवं अमृता देवी के अद्वितीय बलिदान को याद कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की,संघ के क्षेत्रीय समन्वयक राजेश सिंह और वरिष्ठ कार्यकर्ता महेश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 28 अगस्त 1730 का दिन विश्व इतिहास में सदैव अविस्मरणीय रहेगा, यह वह दिन था जब जोधपुर रियासत के आदेश के विरोध में पेड़ों की रक्षा हेतु वीरांगना अमृता देवी और उनकी दोनों बेटियों ने पेड़ों से लिपटकर अपने प्राणों की आहुति दे दी थी,उन्होंने कहा कि अमृता देवी का यह बलिदान न केवल भारत,बल्कि पूरी दुनिया को यह संदेश देता है कि प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदानभी कम है। श्रमिक नेताओं ने केंद्र सरकार से 28 अगस्त को राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस घोषित करने की मांग की, उनका कहना था कि जिस तरह विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया जाता है,उसी तरह भारत की ऐतिहासिक विरासत और बलिदान को ध्यान में रखते हुए अमृता देवी के बलिदान दिवस को भी आधिकारिक मान्यता दी जानी चाहिए।कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए।इस अवसर पर अन्य वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण केवल एक मुद्दा नहीं बल्कि जीवन का आधार है। कार्यक्रम का संचालन प्रेम जायसवाल ने किया, आयोजन को सफल बनाने में राकेश सिंह, जवाहरलाल, महेंद्र, विजय बहादुर, राजेश पाल, अनिल रौतेला, अखिलेश पटेल, हजरत अली, अनूप केरकेट्टा व अन्य सक्रिय रहे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

जौहरी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
E-mail: jowharyhospital44@gmail.com, Web.: www.jowharyhospital.com
डॉ. महावीर सिंह जौहरी
MBBS, MS, DNB (Hyderabad)
FEN (Jabalpur), CNETS AIIMS (Delhi)
ब्रेन एवं स्पाईन सर्जन,
एण्डोस्कोपिक न्यूरो सर्जन
डॉ. अलका जौहरी
MBBS, DNB (Sec-9, Bhilai)
FAIC (Bhopal)
Diploma in Cosmetic Gynaecology (ICCG)
प्रसूति, स्त्री रोग निःसंतान दम्पति विशेषज्ञ
एण्डोस्कोपिक गायनिक सर्जन
उपलब्ध विभाग
- न्यूरो सर्जरी
- आर्थो सर्जरी
- कैंसर सर्जरी
- यूरो सर्जरी
- स्त्री एवं प्रसूति रोग
- एण्डोस्कोपी
- नाक, कान, गला
- पीडियाट्रिक सर्जरी
- जनरल सर्जरी
- गेस्ट्रो एंट्री सर्जरी
- प्लास्टिक सर्जरी
- स्टेम सेल थेरेपी
भारत में पहली बार
इन्फ्रारेड, न्यूरो सर्जरी
(भयमुक्त न्यूरोसर्जरी)
राइट इफेक्ट नो साइड इफेक्ट
सर्जरी के बाद काम में जल्दी वापसी
उपलब्ध सुविधाएँ-
- 24 घंटे आपातकालीन सुविधा
- 24 घंटे एम्बुलेंस सुविधा
- सर्व सुविधा युक्त आधुनिक मशीनों से सुसज्जित ऑपरेशन थियेटर
- पैथोलॉजी
- आई.सी.यू.
- वेन्टीलेटर
- नार्मल एवं सिजेरियन डिलवरी
- दूरबीन पद्धति से ऑपरेशन
- अल्ट्रा साउंड
- एक्स-रे, रेडियोलॉजी
- ई.सी.जी., ई.ई. जी.
- एन. सी. बी. ईको
- फॉर्मेसी (मेडिकल)
सभी प्रकार के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड एवं मेडिक्लैम के अन्तर्गत
0771-4349856
81790-50740
99816-77710
पता : ढेबर सिटी मोड़ के सामने, मेन रोड, भाटागांव, रायपुर (छ.ग.)